कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा / माध्य / मा–स / दिवस / विविध / 2014–18 /   दिनांक : 26.10.2018

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्यालय – माध्यमिक शिक्षा

विषय :– सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक: 31.10.2018 को राष्ट्रीय एकता दिवस के आयोजन के क्रम में दिशा–निर्देश।

प्रसंग :– विशिष्ट शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, जयपुर का पत्रांक : प. 24 (34) शिक्षा–6 / 2016 दिनांक : 26.10.2018

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर पूरे राष्ट्र में दिनांक: 31 अक्टूबर, 2018 को राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया जाना है। इस अवसर पर सरदार पटेल के जीवन, कृतित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्र के एकीकरण, सुदृढ़िकरण एवं बन्धुत्व को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस के दौरान निम्नानुसार गतिविधियों का आयोजन किया जाना है :–

1. राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ दिलवाने हेतु शपथ पत्र का प्रारूप सलंग्न है।
2. सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर आधारित निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं तथा सेमीनार का आयोजन किया जावें।
3. उपरोक्तानुसार की गई विभिन्न गतिविधियों की वीडियोग्राफी / फोटोग्राफी कराते हुए शिक्षा विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
4. आयोजित कार्यक्रमों की संक्षिप्त रिपोर्ट मय मिडिया कवरेज निदेशालय की ई–मेल आई डी secondarydd@gmail.com पर भिजवाई जावें।
5. वर्तमान में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के कारण निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त दिशा–निर्देशों का विशेष ध्यान रखा जावें।

सलंग्न– उपर्युक्तानुसार

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि :– विशिष्ट शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, राजस्थान, जयपुर को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम में प्रेषित है।

26.10.18
उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान

E:\Genral letter.docx
127